CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 313 रायपुर, शनिवार 7 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नक्सलियों ने की आंगनबाड़ी सहायिका की नृशंस हत्या, मुखबिरी का लगाया आरोप



**बीजापुर,** 7 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले में नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका की निर्मम हत्या कर दी है. नक्सलियों ने बीती रात करीब 8 बजे सीआरपीएफ कैंप से महज 1 किलोमीटर दूर बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिम्मापुर गांव पहुंच कर इस वारदात को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी को उनके घर से बाहर निकाला और उसके बेटे के सामने ही धारदार हथियारों से गला रेत कर हत्या कर दी. इस दौरान जब लक्ष्मी के बेटे ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों के साथ हाथापाई भी हुई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. नक्सलियों ने इस हत्या की जिम्मेदारी मद्देड एरिया कमेटी के नाम पर ली है और पर्चा में पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है. एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना ने इस घटना की पुष्टि की है. यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हुई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

## पत्नी की चाकू मारकर हत्या 2 बच्चे घायल, 1 की हालत गंभीर



### खुद की नस काटी युवक ने

**कोरबा,** 7 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। सनसनीखेज और लोम हर्षक घटनाक्रम में एक युवक ने पत्नी और दो बच्चों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे पत्नी सतरूपा साहू की मौके पर मौत हो गई और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामला कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 47 जमनीपाली का है। घटना देर रात से सुबह के मध्य की बताई जा रही है। घटना से इलाके में शोक मिश्रित सन्नाटा पसर गया है। प्रारम्भिक तौर पर मिली जानकारी के मुताबिक़ एनटीपीसी कॉलोनी से लगे जमनीपाली मोहन टाकीज के पास हीरा टेलर्स के संचालक के पुत्र मनोज साहू ने पत्नी सतरूपा के साथ दो बच्चों की हत्या करने का प्रयास किया। पत्नी की मौत हो गई। एक बेटी गंभीर है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवक कर्ज से परेशान था। उसने शेयर मार्केट में काफी पैसा लगा रखा था जिसे लेकर कई दिनों से गुमशुम रहता था। युवक ने घटना करने के बाद खुद भी अपना नस काट लिया है। खबर मिलते ही दर्री पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। मनोज ने ऐसा कदम क्यों उठाया, उसकी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिलेगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### हिमाचल प्रदेश के मंडी में आज तड़के लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में आज तड़के भूकंप के झटकों ने लोगों को घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से 5 किलोमीटर नीचे था। घटना अलसुबह करीब 2:30 बजे हुई, जब अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। भूकंप मंडी शहर में आया और एक के बाद एक 3 बार जोरदार झटके लगे। झटकों के बाद लोग बच्चों और परिवार के साथ सड़कों पर आ गए और सुबह तक घरों में लौटने की हिम्मत नहीं जुटा सके। मंडी जिला भूकंप-प्रवण जोन 5 में आता है, जहां छोटे झटके भविष्य में बड़े भूकंप का संकेत हो सकते हैं। हालांकि किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### बदमाशों ने गोलियों से की कारोबारी की हत्या, सात-आठ राउंड फायरिंग

**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के थाना फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह बदमाशों ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुनील जैन (52) के रूप में हुई है। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उन्हें गोली मारी है। डीसीपी शाहदरा, प्रशांत गौतम के मुताबिक, क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है। आगे की जांच जारी है। वारदात के बाद दिल्ली सरकार ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। बदमाशों ने सुनील जैन पर उस वक्त फायरिंग की जब वह फर्श बाजार के यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में शनिवार सुबह सैर के बाद घर लौट रहे थे। मृत कारोबारी कृष्णा नगर में रहते थे।

### केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को मिला धमकी, बदमाश ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को एक धमकी भरा संदेश मिला। बदमाश ने मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। रक्षा राज्य मंत्री ने इस मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम रक्षा राज्य मंत्री के मोबाइल फोन पर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाला धमकी भरा मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने उसी शाम दिल्ली डीसीपी को इस मामले की जानकारी दी। धमकी भरे मैसेज को लेकर उन्होंने डीसीपी से मुलाकात की जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि जिस मोबाइल से मैसेज भेजा गया था वह रांची के कांके का निकला। इसके बाद मंत्री ने खुद झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात की और शिकायत दर्ज कराई।




**चूहा- सुनती हो, संसद में नोटों की गड्डी मिली है।**

**चुहिया- हां जी, क्या करें घर में रखने से तो छापेमारी हो जाती है।**

## ट्रेनी आईएएस ने आधी रात नदी में दबिश दी, रेत माफियों के उड़े होश



**बिलासपुर,** 7 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिला प्रशासन की सख्ती के दावों के बीच अरपा नदी में रेत माफिया बेखौफ होकर अवैध रेत उत्खनन कर रहे हैं। खनिज विभाग के संरक्षण में यह गोरखधंधा कभी रात तो कभी दिन में फलफूल रहा है। शुक्रवार की रात राजस्व और खनिज, पुलिस और वन विभाग ने मिलकर छापेमारी की। इस दौरान कोटा क्षेत्र के करहीकछार और रतखंडी में अवैध उत्खनन और परिवहन करते 19 गाड़ियों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में प्रशिक्षु आईएएस खुद टॉर्च लेकर नदी में गाड़ियों की धरपकड़ करते रहे। दरअसल, हाईकोर्ट ने अवैध खनिज परिवहन और उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं, जिस पर कलेक्टर अवनीश शरण ने खनिज विभाग की टीम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन, खनिज विभाग के अफसर दिखावे की कार्रवाई करते रहे हैं। जबकि, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बेखौफ होकर अवैध उत्खनन और परिवहन चल रहा है। जिसके बाद भी खनिज विभाग के अफसर अवैध उत्खनन बंद होने का दावा करते रहे हैं।

## एनटीपीसी कोरबा के विरुद्ध भड़का जन आक्रोश

### राखड़ डेम में प्रदर्शन कर काम को कराया बंद



**कोरबा,** 7 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। कोरबा जिले में संचालित एनटीपीसी के धनरास स्थित राखड़ डेम में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर शुक्रवार को काम बन्द करा दिया। राखड़ डेम से परिवहन कर रहे लगभग 200 वाहनों के पहिये थमे रहे। लगभग 3 घंटे तक प्रदर्शन जारी रहा।

युवा कांग्रेस की अगुवाई में यह प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए एनटीपीसी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। धूल-डस्ट से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग रखी। कहा कि एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन लंबे समय से लोगों के सामाजिक और आर्थिक हितों को लेकर लापरवाही बरत रहा है। प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगारों को एनटीपीसी न रोजगार दे रहा है और ना ही फसलों की बर्बादी पर मुआवजा दे रहा है, साथ ही उनके जल स्त्रोत से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इन तमाम मुद्दों कों लेकर ग्रामीणों ने एनटीपीसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध किया। मौके पर कटघोरा पुलिस, दर्री तहसीलदार व एनटीपीसी के प्रबंधक मौजूद रहे। तहसीलदार एमएस राठिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी 18 दिसम्बर को एनटीपीसी में कार्य कर रहे विभिन्न कम्पनियों की बैठक रखी जाएगी और

## अब गृह मंत्रालय लेने पर अड़े एकनाथ शिंदे.. !



**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे पहले मुख्यमंत्री पद पर अड़े हुए थे। अब उन्होंने गृह मंत्रालय की मांग पकड़ ली है। महाराष्ट्र के डिप्टी ने एक बार फिर भाजपा से गृह विभाग की मांग की है। हालांकि, विभागों के आवंटन पर अभी कोई सहमति नहीं बनी है। सहयोगी दलों के बीच बातचीत चल रही है। इससे पहले, शिंदे ने लंबे समय तक डिप्टी सीएम पद स्वीकारने को लेकर भी सस्पेंस बनाए रखा था। हालांकि, उन्होंने शपथ के बाद कहा था कि वह मुख्यमंत्री फडणवीस को हरसंभव सहयोग देंगे और एक टीम के रूप में काम करेंगे।

शिवसेना विधायक भारत गोगावले ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने भाजपा से महत्वपूर्ण गृह विभाग की मांग की है और विभागों के बंटवारे पर बातचीत जारी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले 11 से 16 दिसंबर के बीच मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। बता दें, विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में शुरू होगा। उन्होंने कहा, जब देवेंद्र फडणवीस (शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में) उपमुख्यमंत्री थे, तब उनके पास गृह विभाग भी था। साहेब (शिंदे) ने गृह विभाग की मांग की है और (विभागों के आवंटन पर) बातचीत चल रही है। यह पूछे जाने पर कि किससे यह मांग की गई थी, गोगावले ने कहा कि यह शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की गई है। रायगढ़ जिले के महाड से विधायक ने कहा कि पिछली महायुति सरकार में शिवसेना के पास जो विभाग थे, उन्हें बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभागों के बंटवारे पर बातचीत अगले दो दिन में पूरी हो जाएगी।

## कार झील में गिरी, 5 की मौत, 1 घायल



**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आज शनिवार तड़के तेलंगाना के यादाद्री भुवनागिरी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

यह हादसा जलालपुर क्षेत्र के भूदन पोचमपल्ली उप-डिवीजन में हुआ, जब कार अनियंत्रित होकर झील में जा गिरी। सूचना मिलते ही तेलंगाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को झील से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## बेनामी संपत्ति मामले में अजित पवार को बड़ी राहत, आयकर विभाग द्वारा 1,000 करोड़ की जब्त संपत्ति रिलीज



**नई दिल्ली,** 7 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को बड़ी राहत देते हुए आयकर (आईटी) विभाग ने 2021 में जब्त की गई 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां रिलीज की हैं। यह कदम बेनामी संपत्ति लेनदेन रोकथाम अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा उन पर और उनके परिवार पर बेनामी संपत्ति के स्वामित्व के आरोपों को खारिज करने के बाद उठाया गया है। यह फैसला अजित पवार द्वारा उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद आया है, जब देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ अजित पवार ने शपथ ली थी। इस मामले में सतारा में एक चीनी मिल, दिल्ली में एक फ्लैट और गोवा में एक रिसॉर्ट सहित कई संपत्तियां जब्त की गई थीं। हालांकि, न्यायाधिकरण ने पर्याप्त सबूतों की कमी का हवाला देते हुए आरोपों को खारिज कर दिया। यह कहते हुए कि संपत्तियों का भुगतान वैध वित्तीय मार्गों का उपयोग करके किया गया था, इसने कहा कि आयकर विभाग बेनामी संपत्तियों और पवार परिवार के बीच कोई संबंध स्थापित करने में विफल रहा है। न्यायाधिकरण ने कहा, इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि अजित पवार या उनके परिवार ने बेनामी संपत्तियां हासिल करने के लिए धन हस्तांतरित किया, ऐसा नहीं है कि अजित पवार, सुनेत्रा पवार और पार्थ पवार ने बेनामी संपत्तियां हासिल करने के लिए धन हस्तांतरित किया। स्पार्कलिंग सॉइल, गुरु कमोडिटीज, फायर पावर एग्री फार्म और निबोध ट्रेडिंग कंपनी से संबंधित संपत्तियां जब्त की गईं। अजित पवार और उनके परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता प्रशांत पाटिल ने कहा कि आरोपों का कोई कानूनी आधार नहीं है और परिवार ने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन संपत्तियों को हासिल करने के लिए लेन-देन बैंकिंग प्रणाली सहित वैध चैनलों के माध्यम से किया गया था,

## थाने के पास मुख्य डाकघर में सेंधमारी कर की गई 6.68 लाख की चोरी



- **गैस कटर से काटी गई तिजोरी, वारदात के पहले ढका गया सीसीटीवी कैमरा**
- **डाकघर के पीछे लोकसेवा केन्द्र में भी हुई सेंधमारी, डाग स्कायड व फॉरेंसिक टीम की ली जा रही मद्द**

**धमतरी,** 7 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। आज सुबह जब रोज की तरह कचहरी चौक व सिटी कोतवाली के पास स्थित मुख्य डाकघर में कर्मचारी कामकाज संचालित करने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। डाकघर में सेंधमारी कर चोरी कर चोर फरार हो चुके थे। तत्काल इसकी सूचना डाकघर के आलाधिकारियों व पुलिस को दी गई।

बताया जा रहा है कि डाकघर के पिछले हिस्से के दीवाल को तोड़कर चोर भीतर पहुंचे इसके पश्चात डाकघर के मुख्य तिजोरी तक पहुंचे। चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। अपने साथ गैस कटर लेकर पहुंचे चोरो ने गैस कटर की सहायता से तिजोरी के चादर को काटकर भीतर रखे लगभग 6.68 लाख रुपये ले उड़े। बताया जा रहा है कि मुख्य डाकघर के पीछे स्थित लोकसेवा केन्द्र में भी सेंधमारी की गई है। लेकिन यहां से चोरी हुई है या नही यह स्पष्ट नहीं हो पाया था। चोर काफी शातिर थे। चोरी के पहले डाकघर में लगे सीसीटीवी कैमरे को ढककर वारदात को अंजाम देते रहे। फिर फरार हो गये।

जैसे ही पुलिस को वारदात की सूचना मिली डीएसपी नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई व सायबर सेल की टीम मौके पर पहुंची और बारिकी से घटना स्थल का मुआयना किया गया। वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्कायड व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की भी मद्द ली। साथ ही अन्य सुराग भी जुटाए जा रहे है। आसपास के सीसीटीवी फूटेज खंगाले जा रहे है। लोगो से पूछताछ की जा रही है। सिटी कोतवाली थाने, महिला यातायात शाखा से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित मुख्य डाकघर में चोरी पुलिस की नाक के नीचे चोरी के सामान है। जिससे पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठ रहे है।

**सदर बाजार व थाने के करीब चोरी से बढ़ी सुरक्षा की चिंता**- ज्ञात हो कि मुख्य डाकघर जहां वारदात हुआ है शहर के बीच स्थित है। डाकघर के पास थाना, नगर निगम कार्यालय, पुस्तकालय, कचहरी चौक व सदर मार्ग होने के कारण कई सोनेचांदी के प्रतिष्ठाने है। ऐसे में इतने प्राइम व भीड़भाड़ वाले इलाके में चोरी से लोगो में अब अपने प्रतिष्ठानों व सामानों की चिंता बढ़ गई है। बता दे कि डाकघर के आसपास दिन व रात में भी लोगों की आवाजाही रहती है। बाउजूद इस प्रकार सेंधमारी कर चोरी से स्पष्ट है कि अपराधियों के हौंसले कितने बुलंद है।

CMYK